## खबर संक्षेप

### शहडोल की उमा केवट का मध्यप्रदेश फुटबॉल टीम में चयन



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के लिए गर्व का क्षण है कि विश्वविद्यालय की बीपीईएस की छात्रा उमा केवट का चयन मध्यप्रदेश फुटबॉल टीम में हुआ है। उमा बतौर गोलकीपर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेंगी, जो भावनगर (गुजरात) में आयोजित होगा। उमा के चयन की खबर से विश्वविद्यालय परिवार और जिलेभर में हर्ष का माहौल है। साथियों और शिक्षकों ने इसे जिले की खेल प्रतिभा के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि उमा की इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। माननीय कुलगुरु प्रो. राम शंकर, कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आदर्श तिवारी ने उमा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए ही नहीं बल्कि पूरे शहडोल जिले के लिए गौरव का विषय है।

### आदि कर्मयोगी अभियान विकसित भारत बनाने में निभाएगा अहम भूमिका : विधायक



**शहडोल।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनपद पंचायत बुढ़ार में 02 दिवसीय अधिकारी कर्मचारियों का ओरियेंटेशन एवं वर्कबुक मॉड्यूल प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत बुढ़ार सभागार में आयोजित किया गया। समापन कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए में विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक पाने में आदि कर्मयोगी अभियान महती भूमिका अदा करेगा। आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय विकास सुशासन तथा स्थानीय निकायों को सशक्त बनाना है। जनजातीय समुदाय के लोगों की दिनचर्या, उनकी संस्कृति एवं भावनाओं के अनुरूप ढलते हुए उनकी समस्याओं को जाने और शासन की योजनाओं से लाभांवित कराएं और उन्हें सशक्त बनाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण लेते हुए सभी योजनाओं एवं मूलभूत बातों को ठीक तरह से समझे। अभियान के तहत प्रत्येक जनजातीय परिवार को सरकार की संचालित योजनाओं से लाभांवित कराकर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भूमिका अदा करें। कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजीव लघाटे ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुलभता से मिल सके। दो दिवसीय प्रशिक्षण में शासन द्वारा निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार प्रशिक्षण संचालित हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता की।

# जनता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: विधायक

## अवैध निर्माण हटेगा, लापरवाहों पर गिरेगी गाज

### शहडोल नगर परिषद की बैठक में विकास कार्यों पर सख्ती

संभागीय मुख्यालय की नगर पालिका परिषद में गुरुवार को आयोजित बैठक महज औपचारिकता नहीं रही, बल्कि यह एक ऐसा मंच साबित हुआ जहाँ शहर की जनता से जुड़ी वर्षों पुरानी समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई और जिम्मेदार अधिकारियों को दो-टूक निर्देश दिए गए।



**शहडोल।**

विधायक श्रीमती मनीषा सिंह की अध्यक्षता में नगर परिषद सभागार में हुई इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा (डोली), मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में यह साफ संदेश दिया गया कि अब शहर की सडक़ों, नालियों, पेयजल व्यवस्था और सफाई में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं होगी।

#### सडक़ और निर्माण कार्यों पर कड़ा रूख

बैठक की शुरुआत झूला पुल से कमिश्नर बंगला मार्ग की चर्चा से हुई। यह मार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है और आए दिन यात्री परेशानी झेलते हैं। विधायक ने स्पष्ट कहा कि इस मार्ग की मरम्मत तत्काल कराकर इसे गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए। इसी तरह इंदिरा चौक से नई बस्ती और एमएलबी स्कूल से पटेल स्कूल तक की सडक़ें भी जर्जर हालत में हैं। इन्हें भी उच्च गुणवत्ता के साथ दुरुस्त करने का निर्णय लिया गया। सिर्फ सडक़ ही नहीं, अमृत 2.0 योजना के तहत चल रहे अधूरे कार्यों को भी समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया गया। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ जनता तक तभी पहुँचेगा जब काम समय पर और ईमानदारी से होंगे। यदि सडक़ की खुदाई की जाती है तो उसे एक ही दिन में दुरुस्त किया जाए। खुदाई के बाद गड्ढे छोडऩे वाले ठेकेदारों पर अब सीधे कार्रवाई होगी।

#### विद्युत विभाग पर भी निगरानी

बैठक में यह भी सामने आया कि विद्युत विभाग बिना अनुमति के सडक़ों की खुदाई कर देता है और बाद में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इस पर विधायक ने चेतावनी दी कि अब विभागीय अधिकारियों को सीधे जिम्मेदार ठहराया जाएगा। किसी भी काम में मनमानी और ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान

वार्डवार विकास कार्यों की प्लानिंग बनाकर उसे तत्काल लागू करने का निर्णय लिया गया। इसमें विशेष रूप से आवासीय क्षेत्रों की नालियों, सडक़ों, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। नागरिकों की रोजमर्रा की परेशानियों का समाधान ही बैठक का मुख्य उद्देश्य रहा। हिट्लाइनिंग से जुड़ी समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। नागरिकों की शिकायत रही है कि बार-बार पाइपलाइन फूटने और जलापूर्ति बाधित होने से उन्हें कठिनाइयाँ झेलनी पड़ती हैं। विधायक ने कहा कि इस स्थिति को तुरंत सुधारना होगा।

#### सरकारी योजनाओं पर जोर

प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए नगर परिषद शिविर लगाएगी। पात्रों के नामांकन और दस्तावेजों की जांच को सरल बनाने के निर्देश दिए गए ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रह सके। इसी तरह प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत छोटे व्यवसायियों और रेहड़ी-पटरी वालों को बैंक से ऋण दिलाने में नगर परिषद मदद करेगी। विधायक ने साफ कहा कि योजनाएँ केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इनका लाभ सीधे जनता तक पहुंचना चाहिए।

#### अवैध निर्माणों पर कार्रवाई होगी तेज

बैठक का सबसे बड़ा निर्णय अवैध निर्माणों पर रहा। विधायक ने कहा कि शहर की सुंदरता और आमजन की सुविधा में बाधक बनने वाले अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। मुख्य मार्गों और नालों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई तुरंत शुरू की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि चाहे निर्माण कितना भी बड़ा क्यों न हो, कानून से ऊपर कोई नहीं है।

#### शहर को मिलेगा नया स्वरूप

बैठक में यह भी तय हुआ कि शहर में जल्द ही नए यातायात संकेतक, डस्टबिन और हाईमास्क लाइट लगाई जाएंगी। यह व्यवस्था न केवल शहर को आधुनिक स्वरूप देगी बल्कि नागरिकों की सुविधाओं में भी बढ़ोत्तरी करेगी। विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कड़ा संदेश दिया कि शहर के विकास और जनता की सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों, इसके लिए नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता के धन और विश्वास के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी।

#### जनता को उम्मीदें

इस बैठक के बाद शहरवासियों में उम्मीद जगी है कि अब नगर परिषद महज बैठकों और घोषणाओं तक सीमित नहीं रहेगी। यदि निर्णयों को धरातल पर ईमानदारी से लागू किया गया तो शहडोल शहर की तस्वीर बदलने में देर नहीं लगेगी।



## धनपुरी: टूटी दीवार, जुगाड़ का पहरा और कोल इंडिया की जागरूकता

**धनपुरी।**

कोल इंडिया लिमिटेड के सोहागपुर क्षेत्र का रीजनल वर्कशॉप इन दिनों मजाक का केंद्र बना हुआ है। महाप्रबंधक कार्यालय के ठीक सामने स्थित इस वर्कशॉप की दीवार पिछले दो महीनों से टूटी पड़ी है। हैरत की बात यह है कि जिन अधिकारियों को रोज इसी मार्ग से गुजरना होता है, उनकी नजरें इस टूटी दीवार पर पड़ती ही नहीं। मरम्मत की बजाय कर्मचारियों ने अपने स्तर पर पुराने टीन और लोहे के टुकड़ों को जोडक़र दीवार को किसी तरह ढकने का प्रयास किया है। यह नजारा देखकर राहगीर भी व्यंग्य कसते हैं, कोल इंडिया की सुरक्षा अब जुगाड़ की टीन पर टिकी है।

**चोरों को खुला न्योता** - यह दीवार कोई सामान्य जगह की नहीं, बल्कि करोड़ों की मशीनरी और सामग्री से भरे रीजनल वर्कशॉप की है। लेकिन सुरक्षा के नाम पर सिर्फ अस्थायी टीन की बैरिकेडिंग खड़ी है। स्थानीय लोग कहते हैं कि कोयलांचल पहले से ही कबाड़ चोरी के लिए बदनाम है, ऐसे में यह टूटी दीवार चोरों को खुला न्योता देने जैसा है।

**कागजों में खर्च, जमीनी हकीकत शून्य-** विडंबना यह है कि केंद्रीय चिकित्सालय और अन्य भवनों की मरम्मत व रखरखाव पर कागजों में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च दिखाए जाते हैं। लेकिन जब बात रीजनल वर्कशॉप जैसी अहम जगह की आती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी सुरक्षा और संवेदनशीलता पर सवाल खड़े करती है।

**लोगों में नाराजगी** - स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह टूटी दीवार सिर्फ एक निर्माण दोष नहीं, बल्कि कोल इंडिया की लापरवाही का स्मारक बन चुकी है। हर रोज यहां से गुजरते अधिकारी मानो दीवार की पुकार को अनसुना कर निकल जाते हैं, देखो मुझे, सुध लो मेरी... वरना कबाड़ी ले जाएंगे अंदर का खजाना।

## खुले बाजार में ऊंचे दाम पर खाद खरीदने को मजबूर किसान: अजय

### जिले में खाद संकट गहराया, कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**शहडोल।**



जिले में खाद की समस्या विकराल होती जा रही है। किसान खेतों में पसीना बहाने के बावजूद बुनियादी सुविधा यानी खाद से वंचित हैं। स्थिति यह है कि सहकारी समितियों और बाजारों में खाद की भारी कमी बनी हुई है। मजबूरी में किसान खुले बाजार में महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। इन हालातों के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। बीते दिनों जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि स्थिति पर तत्काल नियंत्रण नहीं किया गया तो, आंदोलन तेज किया जाएगा।

कांग्रेस ने ज्ञापन में साफ कहा कि जिले का किसान आज भीषण संकट में है। खेती का काम तेजी पर है, लेकिन समितियों में खाद नहीं मिल रहा। किसान सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं, फिर भी उन्हें निराश लौटना पड़ रहा है। इस दौरान कालाबाजारी भी खुलकर हो रही है। खुले बाजार में खाद ऊंचे दाम पर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, जिससे किसानों की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही और मिलीभगत से यह हालात बने हैं।

अजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर है। चुनाव आते ही किसान हितैषी होने का ढोल पीटा जाता है, लेकिन जमीन पर किसानों की फसलें बर्बादी के कगार पर पहुंच रही हैं। समय पर खाद उपलब्ध न होने से उत्पादन प्रभावित होगा और किसानों की आर्थिक स्थिति और भी बदतर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक कृषि संकट नहीं बल्कि किसानों के साथ किया जा रहा सीधा अन्याय है।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने मांग की है कि जिले में खाद की पर्याप्त आपूर्ति तुरंत सुनिश्चित की जाए, समितियों में पारदर्शी वितरण व्यवस्था लागू हो और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस आंदोलन करने को मजबूर होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेसजनों ने सरकार और प्रशासन की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। नेताओं ने कहा कि जब किसान ही परेशान है तो डबल इंजन की सरकार किस काम की। कांग्रेस ने इसे किसान विरोधी नीति करार दिया। कांग्रेस ने साफ किया कि खाद संकट केवल किसानों का ही नहीं, बल्कि पूरे जिले की आर्थिक रीढ़ पर सीधा प्रहार है। अगर समय रहते प्रशासन नहीं चेता तो कांग्रेस किसानों के साथ सडक़ पर उतरकर आंदोलन करेगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

इस मौके पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, महिला जिलाध्यक्ष संध्या सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीनिवास शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेन्द्र मरावी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, अनुज मिश्रा, सिराज खान, आशीष तिवारी, सौरभ तिवारी, प्रीतेश द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बुढ़ार में रक्तवीरों का संगम: सलीम, गुरदीप, अजय, सोनू, अभिषेक और बृजेंद्र ने किया जीवनदान





**बुढ़ार।**

स्वतंत्रता सेनानी लाला जगत नारायण जी की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में इस बार बुढ़ार ने एक नई मिसाल कायम की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सलीम शहजादा, गुरदीप सिंह बग्गा, अजय नामदेव, सोनू आहूजा, अभिषेक शर्मा और बृजेंद्र सिंह जैसे रक्तवीरों ने रक्तदान कर समाज में जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय पत्रकारों ने किया था, जिसमें कुल 78 लोगों ने रक्तदान किया। लेकिन इन छह युवाओं की भागीदारी ने शिविर को विशेष बना दिया। मौके पर मौजूद न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने कहा कि लगातार रक्तदान करने वाले ऐसे युवाओं से समाज को प्रेरणा मिलती है।

#### रक्तवीरों के बयान

सलीम शहजादा ने कहा रक्तदान इंसानियत की सबसे बड़ी सेवा है। जब भी जरूरत होती है, मैं आगे बढक़र रक्तदान करता हूं। इस बार भी यह अवसर मिला तो मैंने गर्व के साथ रक्तदान कर लाला जगत नारायण जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी।

गुरदीप सिंह बग्गा बोले हमारे एक-एक यूनिट रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। यह जानकर मुझे हमेशा प्रेरणा मिलती है। मैं लगातार रक्तदान करता हूं और आगे भी समाजसेवा में इसी तरह सक्रिय रहूंगा।

अजय नामदेव ने कहा रक्तदान करके मुझे आत्मिक शांति मिलती है। शिविर में इतनी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, यह गर्व का विषय है। मैं हमेशा मानता हूं कि रक्तदान करना एक जिम्मेदारी है, जिसे हर स्वस्थ व्यक्ति निभा सकता है।

सोनू आहूजा ने कहा आज के कार्यक्रम में भाग लेना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं कई बार रक्तदान कर चुका हूं और आगे भी करता रहूंगा। यह कार्य न केवल जीवन बचाता है बल्कि समाज में एकता और सहयोग का संदेश देता है।

अभिषेक शर्मा बोले मुझे खुशी है कि इस शिविर में शामिल होकर मैंने भी जीवनदान का कार्य किया। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। मैं युवाओं से अपील करता हूं कि वे भी हर साल रक्तदान करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं।

बृजेंद्र सिंह ने कहा मैं लगातार रक्तदान करता हूं और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। लाला जगत नारायण जी की पुण्यतिथि पर रक्तदान करना मेरे लिए गर्व और भावनात्मक जुड़ाव का अवसर है।

#### समाज में बनी मिसाल

इस आयोजन में मौजूद जनप्रतिनिधियों, न्यायाधीशों और सामाजिक संगठनों ने इन रक्तवीरों की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि ऐसे युवाओं की वजह से बुढ़ार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यहां सेवा और मानवता सबसे ऊपर है।

## विद्यार्थियो को शिक्षा के क्षेत्र में मिल रही नई उड़ान: विधायक

### जिले के 147 मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला स्कूटी का उपहार

#### जिले के विभिन्न विद्यालयों में राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम लाइव देखा एवं सुना गया



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम लाइव देखा एवं सुना गया। स्कूटी वितरण कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियो की शिक्षा के लिए विभिन्न योजनाओ का संचालन किया जा रहा है जिसमें निःशुल्क स्कूटी प्रदाय योजना भी शामिल है, इस योजना से मेधावी छात्र-छात्राओं को नई उड़ान मिल रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा सर्वोपरि है। शिक्षा से विकास के द्वार खुलते हैं। शिक्षित व्यक्ति हर क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता साबित करता है। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने से विद्यार्थियों का शिक्षा के प्रति मनोबल भी बढता है, विद्यार्थियो को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विद्यालयों में निःशुल्क गणवेश, साइकिलें, पुस्तक, छात्रावास जैसी अन्य सुविधाए मुहैया कराई जाती है। विधायक ने कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी बेहतर से बेहतर शिक्षा प्राप्त करें और कलेक्टर, डॉक्टर, इंजीनियर जैसे अन्य महत्वपूर्ण पदों में जाए एवं अपने विद्यालय, शिक्षको, गांव, जिले, संभाग का नाम रोशन करें तथा देश के विकास में अपना योगदान दें। सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने स्कूटी वितरण कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य है, विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चो को विद्यालय अवश्य भेजें ताकि बच्चा बेहतर से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर विद्यालय, गांव जिला एवं देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होने स्कूटी प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रा-छात्राओ को उज्ज्वल भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। स्कूटी वितरण कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं सदस्य योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ने मेधावी छात्र-छात्राओ को प्रतीक स्वरूप स्कूटी की चाबी एवं चेक प्रदान किया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले में कुल 147 मेधावी छात्र-छात्राओ को स्कूटी का वितरण किया गया एवं भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आयोजित निःशुल्क स्कूटी प्रदाय कार्यक्रम को वर्चुअली रूप से देखा एवं सुना गया। निःशुल्क ई-स्कूटी योजना के अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राऐं पात्र होते हैं जिन्होंने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री कक्षा 12वीं में समस्त संकाय को शामिल कर अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप में टॉप किया हो। बालिका विद्यालय की दशा में स्कूल की टॉपर एक बालिका को, बालक विद्यालय होने की दशा में एक टॉपर बालक को एवं को-एड स्कूल जिसमें बालक बालिकाएं दोनों अध्ययनरत हों की दशा में स्कूल की एक टॉपर बालिका एवं एक टॉपर बालक अर्थात एक स्कूल से दो विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदान किए जाने का प्रावधान है।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समग्र शिक्षा की सेनिटेशन एवं हाईजीन योजना अंतर्गत वर्ष 2025 में कक्षा 7वीं से 12वीं की 20 लाख 37 हजार 439 बालिकाओं को लगभग 61 करोड़ रूपये डीबीटी द्वारा बालिकाओं के बैंक खाते में अंतरित की। इस योजना के तहत शासकीय विद्यालयों की कक्षा सातवीं से 12वीं तक अध्ययनरत बालिकाओं को स्वास्थ्य स्वच्छता के लिये300 रूपये की राशि प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है।

## खबर संक्षेप

### जिला प्रभारी मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम

**उमरिया।** प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान एक दिवसीय भ्रमण पर 13 सितंबर को उमरिया आएंगे। श्री चौहान 12 सितंबर को इंदौर से उमरिया के लिए प्रस्थान कर 13 सितंबर को प्रातः 8.30 बजे उमरिया रेल्वे स्टेशन पहुंचेंगे। श्री चौहान प्रातः 10.30 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक में भाग लेगे। अपराह्न 12.10 बजे पीएम श्री बालक उमावि कालरी उमरिया में निःशुल्क सायकिल वितरण कार्यक्रम में शामिल होगे। दोपहर 1.30 बजे ग्राम पंचायत किरनतालकला विकासखंड करकेली में जन मन योजना अंतर्गत निर्मित आंगनबाडी केंद्र भवन का लोकार्पण करेंगे। सायं 5 बजे सडक़ मार्ग व्दारा उमरिया से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### छात्र-छात्राओं को स्कूटी स्वीकृति का प्रमाण पत्र किया वितरित



**उमरिया।** सामुदायिक भवन उमरिया में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण तथा सेनिटेशन एवं हाईजीन राशि अंतरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह सहित अन्य अतिथियों ने छात्र छात्राओं को स्कूटी स्वीकृति का प्रमाण पत्र वितरित किया । जिन छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया है उनमें शिवम प्रजापति,नैना बैगा,स्नेहा बर्मन,अमित सेन, बालेश्वरी यादव,सुंदरम यादव, रंजीत सिंह,गुनगुन शर्मा, अजय कुमार रजक,आदित्या सिंह,काशी प्रसाद,ममता कुशराम,वीरेन्द्र कोल और राशि सिंह शामिल है । इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, श्री आसुतोष अग्रवाल मिथिलेश पयासी, शंभू लाल खट्टर, हरि गुप्ता, पार्षद, सरपंच ग्राम पठारी गोविंद प्रसाद गौतम सहित स्कूल की छात्र छात्राएं, उनके अभिभावक उपस्थित रहे ।

## सवालों के घेरे में स्वास्थ्य सेवाएँ

# जयसिंहनगर सीएचसी में नशे में डॉक्टरों की गुंडागर्दी

### बीएमओ का पत्र बना ढाल, ग्रामीणों में आक्रोश

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में घटी घटनाओं ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली और जिम्मेदारों की मानसिकता को कटघरे में खड़ा कर दिया है। एक ओर ग्रामीणों का आरोप है कि ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी शराब के नशे में मरीजों और उनके परिजनों से मारपीट करते हैं, वहीं दूसरी ओर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) आनंद प्रताप सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी को पत्र लिखकर उल्टा चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग कर डाली। सवाल यह है कि आखिर यह सुरक्षा किससे चाहिए - उन ग्रामीणों से, जो इलाज के लिए अस्पताल का दरवाजा खटखटाते हैं, या उन डॉक्टरों से, जो ड्यूटी पर रहते हुए भी नशे में धुत होकर मरीजों के परिजनों से हाथापाई करने लगते हैं?

### नशे में धुत डॉक्टर, पीटे गए मरीज के परिजन

पिछले माह टोटका गांव से प्रसव कराने लाई गई महिला के परिजनों ने सनसनीखेज आरोप लगाए थे। रात लगभग 11 से 12 बजे के बीच जब महिला को भर्ती कर लिया गया, तो परिजन अस्पताल परिसर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आनंद पटेल और कुछ स्टाफ वहाँ पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार, डॉक्टर नशे में धुत थे और उन्होंने अनावश्यक पूछताछ शुरू की। जब परिजनों ने अपना परिचय दिया, तो अचानक बिना कारण एक थप्पड़ जड़ दिया। यही नहीं, बीच-बचाव करने पहुंचे हेतराम सिंह, बिहारी सिंह और



सिविल अस्पताल जयसिंहनगर, जिला शहडोल (म०प्र०)

वृद्ध महिला मुन्नीबाई तक को नहीं छोड़ा गया। उन्हें लाठी-डंडों से पीटा गया और गालियाँ दी गईं। घटना अस्पताल के गेट पर घटी, जिससे मरीजों और अन्य परिजनों में हडक़ंप मच गया। सवाल यह है कि यदि डॉक्टर और स्टाफ ही गुंडागर्दी पर उतर आएँगे तो फिर मरीजों की जान किसके भरोसे होगी?

### सीसीटीवी फुटेज मिटाने की कोशिश

पीड़ितों ने आरोप लगाया था कि पूरा घटनाक्रम अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो चुका था, लेकिन डॉक्टर और उनके सहयोगी सीधे कैमरा रूम में घुस गए और हार्ड डिस्क से वीडियो फुटेज मिटाने की कोशिश की। यानी केवल हिंसा ही नहीं, बल्कि सबूत नष्ट करने का भी प्रयास किया गया। यह कृत्य न केवल सेवा आचरण का




उल्लंघन है बल्कि गंभीर दंडनीय अपराध भी है।

### थाने में भी नहीं मिला न्याय

मारपीट से आहत परिजन जब शिकायत दर्ज कराने जयसिंहनगर थाने पहुंचे थे तो, वहां भी उन्हें न्याय नहीं मिला था। ग्रामीणों का कहना था कि थाने में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उनकी बात सुनने के बजाय उल्टा माफी मांगने को कहा। यानी अस्पताल में डॉक्टरों की गुंडागर्दी और थाने में पुलिस का उपेक्षापूर्ण रवैया—दोनों ने मिलकर पीड़ितों की पीड़ा को और बढ़ा दिया। यही वजह थी कि यह मामला पूरे ब्लॉक में चर्चा का विषय बना रहा।

### बीएमओ का पत्र-समस्या या समाधान?

बीते दिनों बीएमओ आनंद प्रताप सिंह ने जो पत्र अनुविभागीय अधिकारी को लिखा, उसने आग में घी डालने का काम किया है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि ड्यूटी पर कार्यरत चिकित्सकों और स्टाफ के साथ अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दी जा रही है और अस्पताल परिसर में पुलिस बल की तैनाती की मांग की, लेकिन पत्र में यह नहीं बताया गया कि आखिर कौन अभद्रता कर रहा है और किस पर कार्यवाही की जरूरत है। ग्रामीणों का कहना है कि बीएमओ का यह पत्र असल में उन आरोपित डॉक्टरों और स्टाफ के बचाव की ढाल है, जिन पर खुद गुंडागर्दी और मारपीट के आरोप लगते है।

### लापरवाही पर क्यों चुप रहते हैं बीएमओ?

ग्रामीण यह भी सवाल उठा रहे हैं कि जब किसी मरीज की मौत चिकित्सकों की लापरवाही से होती है तो, बीएमओ कभी संज्ञान क्यों नहीं लेते? क्यों हर बार मरीज पक्ष को ही दोषी ठहराकर चिकित्सकों को बचाने की कोशिश की जाती है? अस्पताल में इलाज के अभाव और लापरवाही से कई बार मरीजों की जान पर बन आती है, लेकिन उस पर कोई विभागीय कार्रवाई नहीं होती। बीएमओ का पत्र इस रवैये को उजागर करता है कि प्रशासन को केवल डॉक्टरों की सुरक्षा चाहिए, मरीजों की नहीं।

### ग्रामीणों में गहरा आक्रोश

इस पूरे घटनाक्रम से जयसिंहनगर और आस-पास के गांवों में आक्रोश है। लोग चौराहों और बाजारों में चर्चा कर रहे हैं कि अस्पताल अब इलाज का केंद्र नहीं बल्कि आतंक का अड्डा बनता जा रहा है। उनका कहना है कि अगर डॉक्टर नशे में धुत होकर मरीजों और परिजनों से मारपीट करेंगे और प्रशासन इसे ढकने के लिए सुरक्षा पत्र लिखेगा, तो फिर आम जनता का भरोसा कैसे बचेगा?

### निष्पक्ष जांच की मांग

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जिन डॉक्टरों और स्टाफ पर आरोप है, उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए और सीसीटीवी फुटेज मिटाने की जांच पुलिस की साइबर सेल से कराई जाए। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि आरोपियों को बचाने की कोशिश की गई तो वे सामूहिक आंदोलन करेंगे।

### सवालों के घेरे में बीएमओ

इस घटना ने बीएमओ की भूमिका पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या बीएमओ केवल डॉक्टरों के चौकीदार बनकर रह गए हैं? क्या उनका कर्तव्य केवल सुरक्षा पत्र लिखना है या फिर अस्पताल में हो रही गड़बडिय़ों पर भी कार्रवाई करना? ग्रामीणों का कहना है कि बीएमओ को अस्पताल की व्यवस्था सुधारनी चाहिए, नशे में धुत डॉक्टरों पर शिकंजा कसना चाहिए, न कि उन्हें बचाने के लिए प्रशासन को गुमराह करना चाहिए।

## 33 केव्ही सब स्टेशन का विधायक, कलेक्टर ने किया लोकार्पण



**उमरिया।** विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने जिला अस्पताल परिसर में 33 केव्ही सब स्टेशन का लोकार्पण किया।उन्होने कहा कि सब स्टेशन का लोकार्पण होने के बाद स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने में अब किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा।यह जिले के लिए बड़ी उपलब्धि होगी । इसके लिए उन्होने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि सब स्टेशन का लोकार्पण होने का फायदा सीधे स्वास्थ्य सुविधा पर मिलेगा।अब जिला अस्पताल उमरिया में 24 घंटे बिजली व्यवस्था रहेगी।सब स्टेशन के लोकार्पित होने पर लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी । इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने सब स्टेशन का फीता काटकर लोकार्पण किया।इस अवसर पर धनुषधारी सिंह,शंभू खट्टर, राम नारायण पयाशी, अंत्योदय समिति के सदस्य संतोष गुप्ता,बाल कल्याण समिति के सदस्य रावेंद्र सिंह , संजय तिवारी,उमा महोबिया , नीतू सिंह,पार्षद संजय पांडेय , अवधेश राय ,डॉ के सी सोनी सिविल सर्जन जिला अस्पताल उमरिया,आर एम ओ डॉ संदीप सिंह,डीई एमपीईबी जिला उमरिया तिवारी,सहित पत्रकार,उर्जा विभाग,पीडब्ल्यू डी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पितः विधायक बांधवगढ़



### दृढ़निश्चय से ही होगी लक्ष्य की प्राप्तिः जिला पंचायत अध्यक्ष

### बच्चे पढ़ लिखकर देश के नव निर्माण में दें अपना योगदानः कलेक्टर

### सामुदायिक भवन में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण तथा सेनिटेशन एवं हाईजीन हेतु राशि अंतरण कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर रूप से प्रगति की राह पर चल रहा है। समाज के हर वर्ग के लोगो के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका लाभ मिलने से आम जनों की तस्वीर एवं तकदीर में बदलाव आया है। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने सामुदायिक भवन उमरिया में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण एवं सेनिटेशन एवं हाईजीन राशि अंतरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होंने कहा कि स्कूटी की राशि मिलने पर छात्र छात्राओं में खुशी की लहर देखी जा सकती है। शिक्षकों, अभिभावको ,मित्रों की प्रेरणा से छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया है , सभी बधाई के पात्र है । उन्होने कहा कि स्कूटी चलाते समय यातायात का नियमों का पालन अवश्य करें,तथा अंतरित की गई राशि से स्कूटी ही खरीदें ।उन्होंने कहा कि स्कूटी की राशि मिलने पर विद्यार्थी अब बिना किसी परेशानी के



उच्च शिक्षा अर्जित करने जा सकेगे। सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए है,जिसका लाभ लेकर छात्र छात्राएं निरंतर रूप से आगे बढ़ रहे है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करनें के लिए स्कूल में पढऩे वाले बच्चों को निशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक, घर से स्कूल तक पहुंचने के लिए निशुल्क सायकिल का वितरण कर रही है । इसके साथ ही कक्षा 12 वीं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले बच्चों को लैपटाप के लिए 25 हजार रूपये की प्रदाय की गई है। लैपटाप के बाद अब स्कूटी हेतु सरकार व्दारा राशि अंतरित कर दी गई है। उन्होने कहा कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्प लें और दृढ़ निश्चय के लिए आवश्यक है कि बच्चों में लगन पैदा हो। जब हम किसी कार्य को पूरे लगन के साथ करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता हमें मिलेगी ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि



जिले के 97 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के खाते में स्कूटी हेतु राशि अंतरित की गई है। इनमें से 48 छात्रा तथा 49 छात्राएं हैं, सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र है, जिन्होंने कड़ी मेहनत करके इस सफलता को अर्जित किया है।गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष परीक्षा परिणाम में सुधार हुआ है तथा आगे भी जारी रहेगा।उन्होने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ें और अच्छे नागरिक बनकर राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन बच्चों के लिए खुशी का दिन है । बच्चे देश का भविष्य है । बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने चिंता करते हुए योजनाओं का संचालन किया है । उन्होने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियो को अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिला षिक्षा अधिकारी आर एस मरावी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन करके किया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, मिथिलेश पयासी, शंभू लाल खट्टर, हरि गुप्ता, पार्षद, सरपंच ग्राम पठारी गोविंद प्रसाद गौतम सहित स्कूल की छात्र छात्राएं, उनके अभिभावक उपस्थित रहे ।

## अलंकृता महिला समिति ने जरूरतमंद परिवारों को बांटे खाद्य सामग्री



**हरिभूमि न्यूजराजनगर।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की अध्यक्ष श्रीमती शशि दुहन एवं समिति सदस्यों के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए जमुना कोतमा क्षेत्र की अलंकृता महिला समिति द्वारा जमुना कोतमा क्षेत्र के आमाडांड खुली खदान से प्रभावित ग्राम पंचायत निमहा के 60 जरूरतमंद परिवार की महिलाओं को खाद्य सामग्री दाल, चावल, सोयाबीन बरी, शक्कर, चायपत्ती एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया। यह सभी परिवार आमाडांड खुली खदान से प्रभावित परिवार हैं जिनको सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से यह खाद्य सामग्री का वितरण किया गया ताकि उनको अपने परिवार का भरण पोषण करने में मदद मिल सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित बच्चों को भी स्वल्पाहार प्रदान किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत निमहा के सरपंच एवं उपसरपंच को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम अलंकृता महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती किशोरी त्रिपाठी के निर्देशन में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के श्रीमती किशोरी त्रिपाठी, अध्यक्ष, अलंकृता महिला समिति तथा समिति की सदस्य रुना रंजन, इंदू सिंह मृगनयनी सिंह, अंजू दयाल, रितु वाडेकर, प्राची सिंह, उषा प्रसाद, सविता गर्ग, सरोज सिंह, पिंकी खतरकर एवं निखत सिद्दीकी भी उपस्थित थे। समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपनी अहम भूमिका निभाई। ग्राम पंचायत निमहा के सरपंच, उपसरपंच एवं समस्त ग्रामवासियों ने अलंकृता महिला समिति की अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को निमहा ग्रामवासियों का सहयोग करने के लिए बधाई दी।

## केन्द्रीय विद्यालय उमरिया में किया गया प्रदर्शनी का आयोजन

**उमरिया।** केन्द्रीय विद्यालय उमरिया में बच्चों ने विज्ञान, गणित, हिंदी, कंप्यूटर, अंग्रेजी , कला व सामाजिक विज्ञान विषय के प्रदर्शनी का आयोजन किया । प्रदर्शनी में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में हिस्सा लिया।बच्चो ने एक से बढक़र एक फार्मूले को बनाकर प्रदर्षित किया। छात्रों द्वारा,पर्यावरण, प्रदुषण, सडक़ सुरक्षा तथा ज्यामिति समेत विभिन्न प्रकार के विज्ञान से संबंधित उपकरणों को दर्शाया गया। विद्यालय के प्राचार्या द्वारा प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया।सभी बच्चों से उनके द्वारा बनाए गए उपकरणों की विस्तृत जानकारी ली गई। प्रदर्शनी के दौरान सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं तथा अभिभावकगण उपसथित रहे। अभिभावकों ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है।



# दिव्यांग प्रेम लाल सिंह ने जनसुनवाई में कलेक्टर को बताई व्यथा

### आवेदन देकर न्याय पाने की लगाई गुहार

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** तहसील अंतर्गत उमरदा गांव निवासी दिव्यांग प्रेम लाल सिंह ने मंगलवार को जनसुनवाई मे जिला मुख्यालय पहुच कलेक्टर हर्षल पंचोली के एक आवेदन देते हुए न्याय पाने की गुहार लगाते हुए आवेदन के माध्यम से बताया कि प्रार्थी के भूमि को विजय सिंह, सूर्यभान सिंह कंवर, रामनरेश सिंह कंवर, राकेश सिंह कंवर द्वारा धोखे से रजिस्ट्री करवाकर अनुविभागीय अधिकारी कोतमा व रीडर महेन्द्र गुप्ता से मिलकर अपने नाम पर नामांतरण कराये जाने के फिराक मे है।

उसने कलेक्टर हर्षल पंचोली से गुहार लगाते हुए कहा कि वह विकलांग व्यक्ति है, जो चलने-फिरने में असमर्थ है तथा दूसरे का सहारा लेकर आना-जाना करता है। उसके नाम से ग्राम सारिसताल में 44 किता, कुल रकवा 15.662 हे. भूमि है, जिस पर प्रार्थी सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा कोतमा से ऋण लिया है और उसी से अपना भरण-पोषण करता है। उक्त भूमि को विजय सिंह, सूर्यभान सिंह कंवर, रामनरेश सिंह कंवर, राकेश सिंह कंवर, सभी निवासी ग्राम उमरदा द्वारा आधार कार्ड बनवाने के नाम से सम्पूर्ण भूमि का अपने नाम से रजिस्ट्री करा लिया गया है, जिसकी शिकायत उसके द्वारा कलेक्टर अनुपपुर को पूर्व में किया जा चुका है, जिस संबंध में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम पक्ष श्रेणी कोतमा के समक्ष परिवाद पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त व्यक्तियों के द्वारा नायब तहसीलदार वृत्त बिजुरी के न्यायालय में नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें नायब तहसीलदार वृत्त बिजुरी द्वारा सुनकर उक्त व्यक्त्तियों के नामांतरण के आवेदन को खारिज कर दिया गया, जिसकी अपील अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोतसा के न्यायालय में किया गया है। प्रार्थी अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय में उपस्थित होकर संपूर्ण बात बताया कि उक्त चारों व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी के भूमि को हड़पने की नीयत से धोखाधड़ी करके अपने नाम विक्रय पत्र विक्रय पंजीयन करा लिया गया है, जिसमें प्रार्थी के द्वारा ऋण ली गई है, प्रार्थी की भूमि बंधक है, उसके बावजूद अनुविभागीय अधिकारी कोतमा व उनके रीडर महेन्द्र गुप्ता द्वारा उक्त व्यक्तियों के प्रभाव में आकर बंधक भूमि का नामांतरण करने के फिराक में है। अगर नामांतरण कर दिया गया तो प्रार्थी विकलांग व्यक्ति कहीं का नहीं रहेगा तथा भीख मांगने के लिये मजबूर हो जाएगा। अगर प्रार्थी के भूमि को उक्त दबंग व्यक्तियों के प्रभाव में आकर नामांतरण कर दिया गया तो प्रार्थी मजबूरन आत्महत्या करने के लिये मजबूर हो जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। दिव्यांग ने गुहार लगाते हुए कहा कि उक्त व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही किया जाकर प्रार्थी की भूमि के नामांत्रण पर रोक लगाया जाकर उचित जांच कर विक्रय पंजीयन खारिज करवाया जाये।

## रामनगर पुलिस नाबालिग वाहन चालकों पर की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** राजनगर पुलिस द्वारा 'नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान' के अंतर्गत 4 नाबालिग वाहन चालक पकड़े गए। लगातार हो रही कार्यवाही से जनजागरूकता में वृद्धि हो रही है तथा आम जनमानस भी सतर्क हुआ है। अधिकांश विद्यालयों ने अपने विद्यार्थियों को लिखित एवं मौखिक रूप से निर्देश दिए हैं कि नाबालिग विद्यार्थी दोपहिया अथवा चारपहिया वाहन से स्कूल न आएं। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के दिशा-निर्देश में चल रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं नाबालिगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। थाना रामनगर पुलिस ने पुनः आमजन से अपील की है कि। अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें। नियमों का पालन कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। सड़क सुरक्षा सभी की ज़िम्मेदारी है।



# पुलिया मे रेलिंग नही होने से आये दिन दुर्घटना हो रही घटित

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर के कलमुडा अंडरपास के पास निर्मित पुलिया मे रेलिंग नही होने से आये दिन दुर्घटना घटित हो रही है। बारिश के मौसम मे तेज बारिश होने से पुलिया के ऊपर पानी बहता है। जिसके कारण सड़क नजर ही नहीं आती हैं पुलिया में रेलिंग ना होने से हमेशा दुर्घटना बनी रहती है। पुलिया मे पानी खतरे से ऊपर होने के बाद भी कुछ लोग जान जोखिम में डालकर अंडरपास की पुलिया पार करते रहे। बताया जाता है कि पुलिया में रेलिंग लगाने को लेकर कई बार नागरिकों के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ के द्वारा



रेलवे के अधिकारियों से मिलकर मांग की गई लेकिन रेलवे प्रबंधन की लापरवाही से पुलिया मे रेलिंग नहीं लग सका जिससे हमेशा दुर्घटना बनी रहती है। 10 सितंबर को दोपहर लगभग तीन चार बजे एक युवती स्कूटी में पांच साल की बच्ची को बैठाकर बनिया टोला की तरफ से टैक्सी स्टैंड की ओर जा रही थी तभी पुलिया के ऊपर एक चार पहिया वाहन अचानक आ गई जिसके कारण युवती हड़बड़ा गई और स्कूटी पुलिया मे गिर गई डर के मारे युवती स्कूटी से नीचे गिर गई गनीमत यह रही की स्कूटी सवार युवती एवं बच्ची बाल बाल बच गई आवागमन करने वाले लोगों ने पुलिया मे गिरी स्कूटी को बाहर निकाला।

## खबर संक्षेप

### 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**शहडोल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 सितंबर 2025 को जिला मुख्यालय शहडोल में प्रातः 10 बजे स्थानीय ए.डी.आर. भवन जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल द्वारा नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ-साथ जलकर व बिजली के बिल संबंधी प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण कराया जायेगा।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल ने आमजन से अपील की है कि न्यायालय में राजीनामा योग्य लंबित प्रकरणों का निराकरण दिनांक 13 सितंबर 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कराये तथा विवाद-विहीन समाज की संकल्पना को पूर्ण करने में सहयोग प्रदान करें।

### दोहरे हत्याकाण्ड की आरोपी महिला को दोहरा आजीवन कारावास

**शहडोल।** जिले के सीधी थाना क्षेत्र के ग्राम दरैन के दोहरी हत्या के मामले में जयसिंहनगर न्यायालय द्वारा दोषी महिला को को दोहरे आजीवन कारावास से दंडित किया गया है। उस पर सास और सौतेली बेटी की हत्या करने का आरोप था। जिला अभियोजन अधिकारी हरिओम कुसमाकर बैस द्वारा निर्णय की जानकारी देते हुए बताया गया कि मामला जिला स्तरीय समिति द्वारा चिन्हित किया जाकर जघन्य और सनसनीखेज प्रकरणों की सूची में शामिल किया गया था, प्रकरण में अभियोजन द्वारा 26 गवाह और 15 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सावित्री व उसकी नातिन लक्ष्मी अपने परिवार के साथ रहते थे। परिवार में कामता,

### महिला से 42 लाख की ठगी

**शहडोल।** कोतवाली थाना क्षेत्र में ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर एक महिला 42 लाख की ठगी का शिकार हो गई। पाण्डवनगर निवासी ममता बंसल पति अनुराग बंसल ने जल्दी पैसे कमाने के लालच में अपनी सारी बचत पूंजी गंवा दी। पुलिस के अनुसार, ममता को ऑनलाइन गेम चैलेंज में 1000 रुपए लगाने पर 1500 रुपए का लाभ दिखाया गया। शुरुआती मुनाफे के लालच में उन्होंने कई बार रकम निवेश की। इसके बाद चार बार बैंक जाकर 42 लाख रुपए जमा करा दिए। बाद में उन्हें पता चला कि यह पूरा खेल धोखाधड़ी था। ममता के पिता ने रिटायरमेंट की बचत बेटी को सौंपी थी। लेकिन ठगी के बाद परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। ममता की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### इनका कहना है...

यह एक इन्वेस्टमेंट फ्रॉड है। महिला को पहले टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया और डेढ़ गुना रिटर्न का लालच दिया गया। ग्रुप में मौजूद सभी कॉन्ट्रैक्ट नंबर डमी निकले। कोतवाली और साइबर टीम मिलकर मामले की जांच कर रही है, जल्द सफलता मिलने की उम्मीद है।

**सत्य प्रकाश मिश्रा**
**साइबर सेल प्रभारी, शहडोल**

### पीएम जनमन योजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में बड़ा कदम उठाते हुए 10 पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों का एक-एक माह का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण न करने और गंभीर लापरवाही बरतने पर की गई है। समीक्षा बैठक में पाया गया कि जिन आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण 31 मई तक पूरा होना था, वे न केवल अधूरे पड़े हैं, बल्कि अतिरिक्त तीन माह का समय मिलने के बाद भी काम पूरा नहीं किया गया। कई भवन दीवार स्तर तक ही बने हैं।

## सोनू, अध्यक्ष, रमाकांत रावण निर्माण, नमन आतिशबाजी का दायित्व सौंपा गया

# नगर में दशहरा उत्सव परम्परानुरूप भव्यता से मनाये जाने संपन्न हुई बैठक






**बुढ़ार।**

स्व.कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुढ़ार में मनाये जाने वाले दशहरा उत्सव को परम्परानुरूप भव्यता प्रदान करने सृजा श्री माल में बुधवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्सव से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया, वहीं दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष, रावण निर्माण समिति अध्यक्ष व आतिशबाजी अध्यक्ष के नामो पर विचार विमर्श उपरान्त निर्णय लिये जाकर उनके नामो की घोषणा की गई जिसका करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी के मुख्यातिथ्य में एवं नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी की अध्यक्षता में दशहरा उत्सव समिति की वृहद बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विशिष्ट रूप से पुष्पेंद्र ताम्रकार, दौलत मनवानी, राकेश पाण्डेय, राजकुमार सरावगी, पत्रकार -मोहन नामदेव, सुजीत सिंह चंदेल, अरविंद नायक,सी.एम.ओ.सौरभ श्रीवास्तव, पत्रकार-आशीष नामदेव, रवि रजक, पूर्व पार्षद विक्रम बारी, पार्षद श्रीमती जूली जैन, रश्मि सिंह, जूली रजक, सुधा बारी, मालती यादव, सुमित्रा नामदेव, गीता प्रजापति, रश्मि पाठक, मनीषा यस मलानी, काजल सरावगी, पार्षद शाहिद खान, हर्ष पाठक, मनीष चमडिया, पवन सोनी की उपस्थिति रही।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने आहुत बैठक में कहाकि -बुढार नगर का दशहरा उत्सव संभाग में अद्वितीय एवं भव्य प्रत्येक वर्ष रहता है और उत्सव से जुड़े महत्वपूर्ण दायित्वों को जिन्हें -जो मिलता है, पूरे लगन व उत्साह से निर्वहन करते हैं, जिसके फलस्वरुप उत्सव भव्यता को प्राप्त करता है।

दशहरा उत्सव को भव्यता प्रदान करने इस वर्ष सर्वसम्मति से सोनू आहूजा को दशहरा अध्यक्ष चुना गया, वहीं महिला अध्यक्ष श्रीमती जूली रजक, रावण निर्माण समिति अध्यक्ष रम्मू सोनी, आतिशबाजी अध्यक्ष नमन ताम्रकार को चुना गया, और उत्सव के नियुक्त अध्यक्षों का माल्यार्पण से स्वागत किया गया।

उनके दायित्व में विभिन्न झांकियां आयें, और दुर्गोत्सव समितियां इस ओर प्राथमिकता प्रदान करें ऐसी आकांक्षा है।

दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सोनू आहूजा ने उपस्थित जनों को आश्वस्त कराया कि - इस वर्ष उत्सव को और अधिक भव्यता प्रदान करायी जाएगी और उत्सव ऐतिहासिक रूप से मनेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सौरभ श्रीवास्तव ने बैठक में उपस्थित सभी सम्माननीय जनों के प्रति आभार प्रदर्शित किया।

आहुत बैठक के मुख्यातिथ्य विधायक जयसिंह मरावी ने दशहरा उत्सव के निर्वाचित अध्यक्ष व आयोजन से जुड़े समितियों के अध्यक्षों को शुभकामना देते हुए कहाकि - बुढार नगर में दशहरा उत्सव सभी के सहभागिता से भव्यता से मनाया जाता है जो प्रशसनीय है, इस वर्ष भी उत्सव को भव्यता से मनानें, पर्व की सार्थकता के अनुरूप जुटे।

दशहरा उत्सव की इस महत्वपूर्ण बैठक में अनिल सिंह, योगेंद्र सिंह, रामयस मालानी, राजू सेठिया, पुरुषोत्तम दास बारी, रविकांत त्रिपाठी, मंगेश गुप्ता, चन्द्रभान गुप्ता, सुधाकर शर्मा, प्रतीत गुप्ता, श्रीकृष्ण गुप्ता, बीनू जैन,विनोद पाठक, रामभजन गुप्ता, अभिषेक शर्मा, नरोत्तम त्रिपाठी, सूरज गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, राज पाठक, सतीश नायक, अजय गुप्ता, ओमकार गुप्ता, अभिलाष ताम्रकार, अनुज गुप्ता, कैलाश भट्ट, आशु तिवारी, अभय शुक्ला संतोष प्रजापति, की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# शहडोल बस स्टैंड पर कार में बैठा युवक खुलेआम नशे में धुत

## दबंगई से बिगड़ा माहौल

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में नशे का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार 11 सितम्बर को इसका जीता-जागता उदाहरण तब देखने को मिला, जब जिले के सबसे बड़े राजीव गांधी बस स्टैंड के पास एक कार में बैठे दो युवक खुलेआम नशा करते हुए पाए गए। उनकी हरकतों से यात्रियों और स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। आपत्ति करने पर युवकों ने दबंगई दिखाते हुए साफ शब्दों में कहा कि उनके खानदान में दर्जनों डॉक्टर हैं और वे किसी से डरते नहीं। इस मामले में शिकायतकर्ता गौरव गुप्ता, पिता राजेश गुप्ता, निवासी नयागांव बस स्टैंड, शहडोल ने पुलिस थाने में लिखित सूचना दी। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एनसीआर (गैर संज्ञेय अपराध की सूचना रिपोर्ट) क्रमांक 1069/2025 दर्ज की। यह रिपोर्ट थाना कोतवाली, जिला शहडोल में दर्ज की गई।

एनसीआर में जिन युवकों के नाम दर्ज किए गए हैं, उनमें पहला आरोपी अमित सिंह, पिता राकेश सिंह, निवासी शहडोल, मध्य प्रदेश और दूसरा आरोपी अनमोल सिंह, पिता राकेश सिंह, निवासी शहडोल, मध्य प्रदेश है। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों आरोपी गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे कार में बैठकर नशा कर रहे थे और आमजन की शांति भंग कर रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस स्टैंड परिसर में शराब और अन्य नशीले पदार्थ का सेवन करने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। आए दिन यहां इस तरह की हरकतें देखने को मिल रही हैं, जिससे यात्रियों और स्थानीय निवासियों को असुविधा होती है। खास बात यह है कि शहर में शराब के साथ अब कोकीन, अफीम, चरस और नशीले इंजेक्शन तक आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि पुलिस और आबकारी विभाग नशे पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल हैं।

एनसीआर दर्ज होने के बाद भी केवल औपचारिक कार्रवाई तक ही मामला सिमट जाता है। लगातार बढ़ते नशे के कारोबार ने युवाओं की नई पीढ़ी को गहरी गिरफ्त में ले लिया है। लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि नशे के खिलाफ कठोर अभियान चलाया जाए, बस स्टैंड और प्रमुख चौक-चौराहों पर निगरानी बढ़ाई जाए और नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को तोड़ा जाए।

## जनजातीय समाज तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुलभता से मिल सके, सीईओ

# आदि कर्मयोगी अभियान विकसित भारत बनाने में निभाएगा अहम भूमिका : विधायक




### आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**बुढार।**

जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनपद पंचायत में दो दिवसीय अधिकारी कर्मचारियों का ओरियेंटेशन एवं वर्कबुक मॉड्यूल प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद पंचायत सभागार में आयोजित किया गया।


समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए में विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक पाने में आदि कर्मयोगी अभियान महती भूमिका अदा करेगा। आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय विकास सुशासन तथा स्थानीय निकायों को सशक्त बनाना है। जनजातीय समुदाय के लोगों की दिनचर्या, उनकी संस्कृति एवं भावनाओं के अनुरूप ढलते हुए उनकी समस्याओं को जाने और शासन की योजनाओं से लाभांवित कराएं और उन्हें सशक्त बनाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण लेते हुए सभी योजनाओं एवं मूलभूत बातों को ठीक तरह से समझे। अभियान के तहत प्रत्येक जनजातीय परिवार को सरकार की संचालित योजनाओं से लाभांवित कराकर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भूमिका अदा करें।

कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजीव लघाटे ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुलभता से मिल सके।

दो दिवसीय प्रशिक्षण में शासन द्वारा निर्धारित मॉड्यूल के अनुसार प्रशिक्षण संचालित हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता की।

प्रशिक्षण का संचालन नोडल अधिकारी दिवाकर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रशिक्षक श्रीमती रामकुमारी पाण्डेय सीडीपीओ,डॉ अमित प्रकाश चौधरी बीएमओ, संजीव त्रिपाठी प्राचार्य, पराग सिंह धुर्वे डिप्टी रेंजर, गजरूप सिंह एनजीओ नित्या फाउण्डेशन, शरद वर्मा, रामानुज तिवारी, पुष्पेन्द्र शुक्ला, राकेश लक्ष्य कार सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ जिला इकाई उमरिया ने मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश एवं प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बिरसिंहपुर पाली**

जिले के पाली तहसील के अंतर्गत भारतीय किसान संघ जिला इकाई के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश एवं प्रधानमंत्री जी को विभिन्न मांगों को लेकर के ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने कहा की किसान इस समय खाद की भारी किल्लत से जूझ रहा है, जहां एक और किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा वही प्राइवेट एजेंसी के द्वारा खाद के साथ जिंक जबरदस्ती किसानों को दिया जा रहा है जो कि किसानों के साथ धोखाधड़ी है, किसानों के विभिन्न मुद्दे अन्य जंगली सुरों से परेशानी, बने हुए बांधों पर पानी न होना मरम्मत के नाम पर करोड़ों खर्च विभिन्न मांगों को लेकर 31 मुद्दों पर ज्ञापन दिया गया, पाली तहसील में जिला अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्याम गुप्ता, शिव प्रकाश यादव, देवकीनंदन बघेल, शशिकांत शुक्ला एवं किसान भाई उपस्थित रहे । भारतीय किसान संघ ज्ञापन देते हुए तहसीलदार महोदय से अपेक्षा करता है कि पाली तहसील के अंतर्गत किसानों को हो रही राजस्व वन विभाग बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं को जल्द ही दूर करेंगे।

# सांसद हिमाद्री सिंह ने बाबा कल्याण दास जी महाराज से लिया आशीर्वाद

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।**



शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह गुरूवार को अमरकंटक पहुँचीं, जहाँ उन्होंने परम तपस्वी बाबा कल्याण दास जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सांसद ने बाबा जी से अमरकंटक से जुड़े विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। चर्चा के दौरान बाबा कल्याण दास जी महाराज ने कहा कि अमरकंटक के प्राकृतिक और आध्यात्मिक स्वरूप की पवित्रता को बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सांसद से आग्रह किया कि अमरकंटक में कंक्रीट और सीमेंट की सड़कों का निर्माण न किया जाए, क्योंकि इससे स्थानीय वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने सुझाव दिया कि अमरकंटक में एक अभ्यारण्य (संरक्षित क्षेत्र) का निर्माण किया जाए, जिससे क्षेत्रीय जीव-जंतु स्वच्छंद रूप से विचरण कर सकें और प्राकृतिक संतुलन कायम रह सके। सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने बाबा जी के विचारों का सम्मान करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि अमरकंटक के विकास कार्यों में पर्यावरण और धार्मिक भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। साथ में स्वामी जगदीशानंद, स्वामी धर्मानंद ब्रम्हचारी राकेश के अलावा पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष नर्मदा सिंह व सांसद प्रतिनिधि प्रकाश द्विवेदी विक्की उपस्थित रहे।

# 13 सितम्बर को बुढ़ार में लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**बुढ़ार।** लंबे समय से अदालतों में लंबित पड़े मामलों को सुलझाने का सुनहरा अवसर अब सामने है। आगामी 13 सितम्बर 2025 शनिवार को सिविल न्यायालय बुढ़ार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल के निर्देश पर यह लोक अदालत प्रदेशव्यापी अभियान के तहत आयोजित होगी। इस मौके पर अधिवक्ता संघ बुढ़ार के अध्यक्ष जयकांत मिश्र ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि लोक अदालत में विवादों का समाधान तेज, सस्ता और आपसी सहमति से किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अवसर बार-बार नहीं आते, इसलिए लोगों को चाहिए कि वे अपने प्रकरण लेकर इस लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों और वर्षों पुराने झगड़ों को खत्म करें। लोक अदालत की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि फैसले पर कोई अपील भी नहीं की जा सकती। यानी समझौते से निपटाया गया मामला पूरी तरह अंतिम माना जाता है। इस बार आयोजित लोक अदालत में बैंक से जुड़े विवाद, बिजली बिल, नगर पालिका के जुर्माने, मोटर दुर्घटना दावे, पारिवारिक झगड़े और कई दीवानी-फौजदारी मामलों का निपटारा किया जाएगा। अध्यक्ष जयकांत मिश्र ने कहा यह लोक अदालत जनता के लिए न्याय प्राप्त करने का सरल और प्रभावी जरिया है। आपसी समझौते से हल होने वाले मामले लोगों के जीवन में शांति और सौहार्द लाते हैं। मैं सभी नागरिकों से आग्रह करता हूं कि 13 सितम्बर की सुबह 10:15 बजे न्यायालय परिसर में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएँ। गौरतलब है कि इस लोक अदालत का उद्घाटन समारोह न्यायालय परिसर बुढ़ार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ, नगर पालिका, विद्युत विभाग और बैंक अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



# मील का पत्थर साबित होगा आदि कर्मयोगी अभियानः उपायुक्त

**शहडोल।**

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनपद पंचायत गोहपारू के सभागार में जनपद स्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह अभियान जनजातीय लोगों तथा ग्रामों की तस्वीर और तकदीर बदलने वाला सिद्ध होगा। हम सबको एक साथ मिलकर सेवा, संकल्प और समर्पण की भावना से कार्य कर अंतिम छोर पर बैठे जनजातीय व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करना है।



उन्होंने कहा कि अंतिम छोर पर बैठे जनजाति समुदाय के लोगों को शासन की सभी सुविधाओं का लाभ मिल सके तथा आर्थिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, एवं शिक्षा से संपन्न और आत्मनिर्भर हो सके, इस हेतु कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना होगा। इसके लिए पूरे प्रदेश में तीन लाख शासकीय कर्मचारी और अधिकारियों को प्रतिबद्ध लीडर के रूप में तैयार किया जा रहा है। इस कार्य में समुदाय तथा सामाजिक संगठन का सहयोग लिया जा रहा हैं। जनजाति ग्राम की योजना ग्राम स्तर पर बनेगी, जिससे गांव के लोग अपनी जरूरतों को सम्मिलित कर सकेंगे। आपने बताया कि 2030 तक के लिए जनजाति ग्रामों का विजन प्लान तैयार किया जाएगा। भारत सरकार द्वारा राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर रेस्पॉन्सिव ग्रुप का गठन किया जा रहा हैं। ये ग्रुप अभियान का संचालन करेंगे तथा मॉनिटरिंग करेंगे। गांव में आदि सेवा केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी रहेगी। ग्रामीण जन अपनी समस्याएं भी इस सेवा केंद्र पर प्रस्तुत कर सकेंगे, जिसका निराकरण समय सीमा में किया जाएगा। ब्लॉक स्तर के मास्टर ट्रेनर्स सेक्टर पर ट्रेनिंग, विभिन्न विभागों के कार्यों को अभियान के तहत मैदानी कार्य के लिए प्रशिक्षित करेंगे। ग्राम स्तर पर विजन प्लान बनाने संबंधी गतिविधियां 30 सितंबर के पूर्व संपन्न होंगी। 2 अक्टूबर को इस हेतु विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन होगा।

श्री यादव ने उपस्थित प्रतिभागियों का आवाह्वान किया कि हम सब ने एक महत्वपूर्ण अवसर पाया है हम सब मिलकर सेवा, संकल्प समर्पण की भावना से कार्य कर, अभियान को सफल बनाएं तथा जनजातीय समुदाय के लोगों की स्थिति में बदलाव लाने के लिए महती भूमिका का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू सुधीर दिनकर, दिनेशचन्द्र मिश्रा, शिवकुमार तिवारी जिला मास्टर ट्रेनर्स सहित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नल-जल योजना के गड्ढे बने परेशानी के सबब, बारिश से बिगड़ी स्थिति



**अमरकंटक।** अमरकंटक के माई बगिया रोड में नल-जल योजना के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन के लिए जगह-जगह गड्ढे खोदे गए हैं। इन गड्ढों को समय पर नहीं भरे जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के चलते हालात और भी दयनीय हो गए हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। विशेषकर स्कूल आने-जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गड्ढों के कारण यातायात बाधित हो रहा है और अक्सर जाम की स्थिति भी बन जाती है। इसके अलावा, कीचड़ और गंदगी से संक्रमण फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। नगरवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इन गड्ढों को भरवाकर सड़क को दुरुस्त कराया जाए, ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

### कारों के शीशे तोड़ते दो युवक सीसीटीवी में कैद, तलाश मे जुटी पुलिस

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय में बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात को हुई कारों के शीशे तोड़ने की घटना का खुलासा सीसीटीवी फुटेज से हुआ है। शंकर मंदिर से बस्ती रोड पर खड़ी कारों के शीशे तोड़े गए थे। मुकेश कुमार सर्राटी ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उनकी सेलेरियो कार (एमपी 18 सी 6158) का अगला कांच तोड़ दिया गया था वही मनीष कुमार द्विवेदी की इंडिको कार (एमपी 04 सीएल 2472) का भी शीशा क्षतिग्रस्त किया गया है। इसके अलावा दो अन्य कारों के भी शीशे तोड़े गए हैं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के करीब 50 घरों और दुकानों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में दो अज्ञात युवक बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दिखाई दिए। उन्होंने रात 2 बजे सड़क किनारे पड़े पत्थरों से कारों के शीशे तोड़े। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### जिले में 7.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 7.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 1 मिली मीटर, कोतमा में 6 मिली मीटर, बिजुरी में 1.8 मिली मीटर, पुष्पराजगढ़ में 8.4 मिली मीटर तथा अमरकंटक में 41 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र जैतहरी, वेंकटनगर तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### पेंशन शिविर का आयोजन 12 व 13 सितम्बर को

**अनूपपुर।** 30 सितम्बर 2025 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन 12 व 13 सितम्बर को कार्यालय जिला पेंशन अधिकारी अनूपपुर में किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु संबंधित लिपिक के साथ शिविर में उपस्थित होकर प्रकरणों को त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में जिला पेंशन अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### डीएम ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**अनूपपुर।** कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर में जुलूस, आमसभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के आए दिन उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होता है एवं परिशांति भंग होने की संभावना बनी हुई है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर के परिसर में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। ज्ञापन सौपे जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार (मेनगेट) पर ही शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए व्यक्ति/संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कोई भी दल/संगठन/आंदोलनकारी व्यक्ति, जुलूस/आमसभा या नारेबाजी/ज्ञापन सौंपा।

## कल नेशनल लोक अदालत का होगा आयोजन, मिलेगा शीघ्र एवं सुलभ न्याय

# जिले में 14 खण्डपीठों का किया गया गठन

### लंबित मामलों को खत्म करने का मिलेगा मौका

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को देशभर की अदालतों में किया जाएगा। यह एक वैकल्पिक मंच है जहाँ लंबित मामलों और ट्रैफिक चालानों सहित विभिन्न प्रकार के मामलों का मैत्रीपूर्ण समाधान किया जाता है।







हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

इसे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) द्वारा राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सहयोग से आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य त्वरित और किफायती न्याय प्रदान करना है। नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौते होंगे। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियन्ता अरुणेन्द्र प्रसाद मौर्य ने बताया कि 13 सितंबर (शनिवार) को न्यायालय परिसर अनूपपुर में नरेन्द्र पटेल विशेष न्यायाधीश (विद्युत अधिनियम) की अदालत में आयोजित नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरणों को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। उन्होंने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए लोक अदालत में समझौते के माध्यम से प्रकरण का निराकरण करावे। धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों में निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं में प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी।

### जिले में 14 खण्डपीठों का किया गया गठन

मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार एवं नरेन्द्र पटेल द्वितीय जिला न्यायाधीश/संयोजक नेशनल लोक अदालत के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा एवं राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 07 खण्डपीठ, तहसील सिविल न्यायालय कोतमा हेतु 04 खण्डपीठ एवं राजेन्द्रग्राम हेतु 03 खण्डपीठ का गठन किया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 14 खण्डपीठों का गठन किया गया है। जहां लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक, व्यवहारिक, धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगर पालिका के पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जावेगा। प्रकरणों के निराकरण हेतु उपस्थित होने वाले पक्षकारगण की सहायता हेतु हेल्प-डेस्क का गठन किया जाकर पैरालीगल वालेंटियर्स की ड्यूटी लगाई गई

### इन श्रेणियों के उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट

प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा धारा 135 के तहत दर्ज मामलों में आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी तरह लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा धारा 135 के तहत दर्ज मामलों में आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

### दस लाख रुपये तक के प्रकरण होंगे शामिल

विद्युत कम्पनी के कार्यपालन अभियन्ता अरुणेन्द्र प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट किया कि यह छूट केवल उन प्रकरणों पर लागू होगी जिनकी आकलित सिविल दायित्व राशि 10 लाख रुपये तक है। यह राहत सिर्फ 13 सितम्बर 2025 को नेशनल लोक अदालत में समझौता करने वालों को ही मिलेगी।

### धारा 126 के प्रकरणों में भी छूट

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 के अंतर्गत लंबित मामलों में भी लोक अदालत की तर्ज पर राहत दी जाएगी। हालांकि, जिन मामलों में धारा 127 के तहत अपील प्राधिकरण के समक्ष अथवा उच्च न्यायालय में अपील लंबित है, उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 के लंबित प्रकरणों में भी लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान कर प्रकरणों का निराकरण भी लोक अदालत के माह के दौरान किया जाएगा। लोक अदालत की प्रक्रिया के अनुरूप निर्धारित मापदंडों के अधीन 10 लाख रूपए तक की सिविल दायित्व की राशि के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट तक गैर घरेलू व 10 अश्वशक्ति के औद्योगिक श्रेणी के लंबित प्रकरणों का आवेदन संबंधित कनिष्ठ अभियंता अथवा सहायक अभियंता को देना होगा, आकलित राशि पर 20 प्रतिशत एवं अधिशासित ब्याज राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने पर, इसके पश्चात प्रत्येक 6 माही चक्रवर्ती ब्याज अनुरूप 16 प्रतिशत की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर, 100 फीसदी की छूट दी जाएगी।

## नगर में बढ़ रहे आक्रोश के बीच अद्यतन स्थिति का कलेक्टर ने लिया जायजा

# यह ओवर ब्रिज ना हुआ, बीरबल की खिचड़ी हो गई



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिला मुख्यालय स्थित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्यों की कछुए की चाल से एक बार फिर नगर मे चर्चाओं का बाजार गर्म है तथा कुछ ही दिनों मे पुनः आंदोलन की रूपरेखा तैयार किये जाने के लिए लगातार विचार विमर्श के साथ ही बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। चूंकि कई वर्षों से अपनी पूर्णता की बाट जोह रहे ओव्हर ब्रिज को आज तक पूर्ण रूप प्रदान नही हो सका है जबकि इसके लिए समय समय पर अधिकारियों ने मौका स्थल का निरीक्षण करते हुये संबंधितों को लगातार दिशा निर्देश देते रहे, यहां तक कि कलेक्टर के निर्देश मे प्रतिदिन मानीटरिंग के भी निर्देश थे, यह अलग बात है कि समय सीमा मे कार्य पूर्णता समेत गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्यों की देखरेख के निर्देश व इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों ने कागजों मे निर्देशों का पालन किया। इस बीच नगर की हलचल को भांपते हुये कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गुरूवार को जिला मुख्यालय स्थित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का मौके पर जाकर निरीक्षण कर कार्यो का जायजा लिया। रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि जनता के हितों तथा जिले के विकास के लिए रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस हेतु मैनपावर एवं मशीनरी बढ़ाते हुए कार्यो को गुणवत्तायुक्त एवं गंभीरता के साथ तेजी से किया जाए। उन्होंने कार्यस्थल पर निर्माण सामग्रियों के व्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर को कार्य की मॉनीटरिंग सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी एवं संविदाकार उपस्थित थे।

### पांच बार भूमिपूजन, लेकिन आज भी अधूरा

ज्ञात हो कि जिला मुख्यालय में रेलवे फ्लाई ओवर बीते नौ सालों से निर्माणाधीन है और अब तक कार्य पूरा नहीं हो सका है। निर्माण कार्य के चलते रेलवे फाटक को पूरी तरह बंद कर दिया गया है, जिससे जिला मुख्यालय दो हिस्सों में बंट गया है। निर्माण की धीमी गति के कारण यह ब्रिज कछुआ चाल से आगे बढ़ रहा है, जिससे जिले के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण के लिए अब तक पांच बार भूमि पूजन किया जा चुका है। विधायक, मंत्री, प्रभारी मंत्री से लेकर खुद तात्कालीन मुख्यमंत्री तक इस परियोजना का शिलान्यास कर चुके हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि ब्रिज आज भी अधूरा पड़ा है। स्थानीय लोगों में इस देरी को लेकर भारी आक्रोश है। आम जनता ने प्रशासन और सरकार से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की है, ताकि आए दिन होने वाली परेशानी से राहत मिल सके।



## कलेक्टर ने अमरकंटक स्थित अनुश्री होमस्टे का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अमरकंटक स्थित अनुश्री होमस्टे का निरीक्षण किया और पर्यटकों को होम स्टे में दी जाने वाली आवश्यक सुविधाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किये। इस दौरान होमस्टे के संचालक ने बताया कि होमस्टे की औसतन आय एक लाख रुपए महीने है, जिस पर कलेक्टर ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि अमरकंटक में होमस्टे का बहुत स्कोप है। होमस्टे के संचालक ने बताया कि मुख्य नर्मदा मंदिर से होमस्टे की दूरी लगभग 5 किमी है। होमस्टे सभी प्रकार के पर्यटकों के लिए बनाया गया है, जो पर्यटक अमरकंटक में आते हैं, उन्हें यहां भक्तिमय और आनंदमय वातावरण मिलता है। पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो और वे अच्छी यादें लेकर जाएं यही प्रयास रहता है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती मंजूषा शर्मा, पर्यटन प्रबंधक अजय अग्रवाल और सामाजिक कार्यकर्ता बीकेंद्र सिंह राजे आदि उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

### हायर सेकेण्डरी स्कूलों के टॉपर 146 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

गुरूवार को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए शासन द्वारा विभिन्न प्रयास समय-समय पर किए जा रहे हैं। उन्ही में से स्कूटी वितरण योजना एक प्रयास है, जो विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित किया जा रहा है। इस योजना के तहत हायर सेकेण्डरी स्कूलों के टॉपर विद्यार्थियों को ई-स्कूटी/आई.सी.ई. स्कूटी का वितरण किया जाता है। उन्होंने स्कूटी प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि स्कूटी का उपयोग करते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर प्रसारित किया गया। इस अवसर पर शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवहरा के पुष्पेन्द्र चौधरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया की सुश्री शिवांगी पटेल, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर की सुश्री सोमवती, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया के आदित्य कुमार यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटनाकला के नीरज सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खांड़ा की सुश्री रोशनी विश्वकर्मा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पयारी नं. 01 के गौरव कुशवाहा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पसला के किशन सोनी, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी की सुश्री मानसी नामदेव को स्कूटी का वितरण किया। जिले के कुल 146 विद्यार्थियों जिसमें से 70 बालक एवं 76 बालिकाओं को 98 मोटराईज्ड एवं 48 इलेक्ट्रिक स्कूटी का वितरण किया गया।

## लगातार बढ़ती चोरी से नगरवासी परेशान

### सर्वदलीय बैठक के बाद थाना रामनगर में सौंपा गया ज्ञापन

**कार्रवाई न होने पर नगर बंद का अल्टीमेटम**

हरिभूमि न्यूज राजनगर।



जिले के अंतिम छोर पर स्थित रामनगर क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से नगरवासियों का सब्र अब टूटने लगा है। पिछले कुछ महीनों से दुकानों और घरों में रात के समय चोरी की वारदातें बढ़ रही थीं, लेकिन अब हालात इतने बिगड़ गए हैं कि चोर दिनदहाड़े भी वारदातों को अंजाम देने लगे हैं। इससे नगरवासी, व्यापारी और समाजसेवी बेहद आक्रोशित हैं। इस बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में नगर के प्रमुख व्यापारियों, युवाओं और समाजसेवियों ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर में शांति और सुरक्षा बहाल करने के लिए पुलिस प्रशासन को कठोर कदम उठाने होंगे। इसके बाद एक विशाल प्रतिनिधिमंडल थाना रामनगर पहुंचा और थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा।

### ज्ञापन में यह रखी मांग

ज्ञापन मे कहा गया कि तीन दिन के भीतर सभी चोरी की वारदातों का खुलासा किया जाए और चोरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाला जाए। यदि तय समय सीमा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो नगर के व्यापारी और आमजन नगर बंद का आह्वान करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी लीलाधर अग्रवाल, बावला जेपी श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, रामनारायण सिंह, हरिशंकर दुबे, विकास प्रताप सिंह, जितेंद्र पनिका, समय पटेल, गिरजा विश्वकर्मा, राजकुमार, सुनील जैन, राजेश सोनी, राजेश सिंह सहित नगर के तमाम व्यापारी मौजूद रहे। स्थानीय पत्रकार मनोज सिंह, पंकज शर्मा, विजय जायसवाल, अखंड सिंह, बी.एल. सिंह, मुनेंद्र यादव, मनीष सिंह, मनु मणि तिवारी आदि पत्रकार भी इस आंदोलन में शामिल रहे। बैठक एवं ज्ञापन कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार अमित सेनगुप्ता ने किया। नगरवासियों का कहना है, कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। नगर में इस खबर के बाद से खासी हलचल मची।

### पुलिस प्रशासन ने जारी किया प्रेस नोट

थाना रामनगर पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु कार्यवाही 10.09.2025 को अमित सेन गुप्ता के द्वारा आहूत बैठक में अन्य नागरिकों द्वारा थाना रामनगर क्षेत्रांतर्गत हुई चोरी एवं अन्य अपराधों के संबंध में थाना रामनगर में ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उक्त घटना के संबंध में पुलिस द्वारा उसी दिन से ही त्वरित कार्यवाही की गई थी। फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ टीम' द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए गए। साइबर संबंधी डेटा घटनास्थल से' ही उसी दिन प्राप्त किया गया। सीसीटीवी फुटेज वर्मा टेंट हाउस, लिटिल एंजेल स्कूल, नंदलाल कुशवाहा जी की दुकान तथा दक्षा रेस्टोरेंट के पास लगे कैमरों से प्राप्त किए गए हैं। फुटेज का परीक्षण कर संदेहियों की पहचान एवं तलाश की जा रही है। अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत थाना रामनगर क्षेत्र में 'सघन गश्त बढ़ाई' गई है। थाना रामनगर पुलिस द्वारा अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु हर स्तर पर गंभीर एवं ठोस कार्यवाही की जा रही है।